सफलता पूर्वक 4 साल
www.politelive.com
# पोलिट लाइव
दैनिक डिजिटल अखबार
*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग
वर्ष : 04 अंक : 304 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शुक्रवार, 3 मई , 2024

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
NURSERY TO CLASS XII
SCIENCE, COMMERCE & ARTS
BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186

# मछली लदी वैन में जहर देकर भाग रहे युवकों ने व्यवसायी को मारी गोली

- खोखा बरामद डीएसपी समेत भारी संख्या में पहुंचे पुलिस अधिकारी
- एक दिन जहर की शीशी फेककर दी थी जान मारने की धमकी

पोलिट लाइव रिपोर्टर









गोविंदपुर : गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड ऊपर बाजार में गुरुवार रात 8:45 बजे मछली लदी पिकअप वैन पर जहर देकर भाग रहे दो युवकों ने पीछा कर रहे मनोज यादव पर गोली चला दी । उसने पिस्टल से दो फायर किया। एक मिस हो गया और दूसरा मनोज यादव की जांघ पर लगा । घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा बरामद किया है। घटना की खबर सुनते ही पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद मौके पर पहुंचे। इसके बाद डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार, निरसा सीडीपीओ मानिक रजत बाखला, चिरकुंडा थानेदार सुनील कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी गोविंदपुर ऊपर बाजार पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। बताया जाता है कि जेएच 15 एएफ 0941 नंबर की पिकअप वैन पर गुरुवार को कतला एवं रेहू मछली लादकर पटना ले जाया जा रहा था। आसनसोल में मछली गाड़ी का पानी बदला गया । पिकअप वैन के ऊपर एक व्यक्ति पानी डाल रहा था और मछली की देखभाल कर रहा था। मंगलवार को इस गाड़ी में जहर की शीशी फेंकी गई थी, तथा कुमारधुबी के कुछ लोगों ने धमकी दी थी कि इस रोड से होकर मछली गाड़ी पार नहीं होनी चाहिए । यदि हुआ तो जान मार देंगे । इसके पूर्व पिछले सप्ताह भी इस गाड़ी में जहर डाला गया था। इससे मछलियां मर गई थी इसके बाद आज शिवलीबाड़ी कुमारधुबी के मनोज यादव और इबरार अहमद गाड़ी का पीछा करते हुए आ रहे थे। वह देखना चाह रहे थे कि इस पर जहर कौन डाल रहा है । इस बीच ऊपर बाजार के पास पल्सर मोटरसाइकिल पर दो युवकों ने गाड़ी पर जहर की सीसी फेंक दी । गाड़ी के ऊपर बैठे व्यक्ति ने इसे देखा और उसने हो हल्ला किया। इसके बाद मनोज यादव और इकरार अहमद ने दोनों युवकों का पीछा किया । कुरैशी नगर के पास दोनों को घिर गए थे । इस बीच इस बीच दोनों ने भागते हुए गोली चला दी । गोली मनोज यादव की कमर में लगी। अबरार अहमद को गोली नहीं लगी । मछली लदी गाड़ी को मो जसीम चला रहा था और उस पर सहाबुल बैठा हुआ था । पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है पुलिस सूत्रों के अनुसार मछली व्यवसायियो में आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण यह घटना हुई है।

## महिला हॉकी टीम की कप्तान बनीं सलीमा टेटे




पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांची : झारखंड के सिमडेगा की हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी सौंपी गई है। सलीमा बड़कीछापर गाँव के बेहद गरीब परिवार से आती हैं....उनके माता-पिता खेती बाड़ी करते है।

## पीएम नरेंद्र मोदी का आज रोड शो रांची में, तैयारी पूरी

पोलिट लाइव रिपोर्टर




रांची : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगे। रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक बैरिकेडिंग की जा रही है। 3 मई को राजधानी रांची में रोड शो करते नजर आ सकते हैं, वहीं उसी रोज चाईबासा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। राजभवन में उनका रात्रि विश्राम होगा। राजभवन जाने के क्रम में रांची में रास्ते में रोड शो करते जायेंगे। 4 मई को पलामू और लोहरदगा में वे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के झारखंड आगमन को लेकर यहां सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। पीएम मोदी का यहां जोरदार स्वागत करने की तैयारी की जा रही है। चुनावी जनसभा की तैयारी के लिए झारखंड बीजेपी ने प्रदेश स्तर के नेताओं की टीम तैयार की है। चाईबासा में दोपहर तीन बजे पीएम का कार्यक्रम निर्धारित है। शाम 6 बजे तक रांची लौटेंगे। भाजपा के दिग्गज नेता प्रदीप सिन्हा ने मीडिया को बताया कि राजभवन पहुंचने के बाद पीएम मोदी से भाजपा के कई बड़े नेता मिलेंगे। झारखंड के 14 लोकसभा सीटें पर चार चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में 13 मई को लोहरदगा, पलामू, खूंटी और सिंहभूम में चुनाव होगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने मजदूर दिवस क़े दिन किया नामांकन

## श्रमिकों के लिए बेहतर कार्य कर सके इसलिए मजदूर दिवस के दिन किया नॉमिनेशन -अनुपमा





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने 1 मई को जिला सम्हारणालय पहुंचकर अपना नामांकन किया। उनके साथ उनके पति बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ जय मंगल सिंह भी मौजूद रहे। बाद में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह भी पहुंची जो नामांकन के मौजूद रही। मेमको मोड़ में उनके कार्यकर्ताओं का हुजूम देखने को मिला। इसके साथ ही समहारणालय के बाहर भी कार्यकर्ता तपती गर्मी में पसीना बहाते नजर आए।मीडिया से बातचीत के दौरान अनुपमा सिंह ने कहा कि एक पड़ाव मेरा पूरा हुआ है, अब अगले पड़ाव की तैयारी में हम जुटे हुए हैं। बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बारे में उन्होंने कहा कि वह भी एक प्रत्याशी हैं।वह अपना काम कर रही है। मैं अपना काम कर रही हूं।पार्टी के कार्यकर्ताओं में चल रहे विरोध पर अनुपमा ने कहा कि शुरू आत में विरोध होता है।लेकिन जब उन्हे पता चलता है कि उनके हित के लिए काम हो रहा है तब वह साथ खड़े हो जाते हैं।विरोध खत्म हो गए हैं।पार्टी के कार्यकर्ता एक जुट हैं।चुनाव को लेकर कार्यकर्ता बेहद उत्साहित है।वह लोगों के बीच हमारे साथ भी जा रहें और खुद भी कांग्रेस पार्टी के कार्यों के बताने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति किसी से डरी नही हैं।जब मां दुर्गा नही डरी तो हम क्यों डरेंगे। हम भी उनके पदचिन्हों पर चलेंगे।उन्होंने कहा कि आज मजदूर दिवस है।मजदूरों के लिए बेहतर कदम उठा सके।इसके लिए ही अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस क़े दिन नामांकन करने क़े लिए अपना दिन चुना....

## 3 उम्मीदवारों ने किया लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के समक्ष गुरूवार को 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

निर्दलीय उम्मीदवार जनक शाह, उमेश पासवान तथा अखिल भारत हिन्दू महासभा के संजय कुमार गिरी ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## 3 ने खरीदा नोमिनेशम फॉर्म

- लोकसभा चुनाव के लिए आज 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म खरीदा



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : अपर नगर आयुक्त श्री प्रकाश कुमार ने बताया कि आज सामान्य वर्ग में 25 - 25 हजार रुपए का भुगतान करके 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म खरीदा है। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु मानतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

## बोकारो, चंदनकियारी सहित 8 विस क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

- स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने की है सुदृढ़ व्यवस्था - उपायुक्त
- निर्धारित रूट, निर्धारित वाहन से बिना रुके बाजार समिति पहुंचने का निर्देश





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव के सफल तथा त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी और सुदृढ़ व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि बोकारो एवं चंदनकियारी में चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान पदाधिकारियों को ईवीएम के साथ सीधे कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम आना है। बोकारो और चंदनकियारी के एआरओ बाजार समिति का भ्रमण कर बोकारो व चंदनकियारी के लिए चिह्नित हॉल का निरीक्षण करे। ईवीएम व चुनाव सामग्री लेकर निर्धारित रूट व निर्धारित वाहन से, रास्ते में बिना रुके, बाजार समिति पहुंचे। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ रहेंगे। महिला एवं दिव्यांग बूथ के कर्मियों को प्राथमिकता देकर चुनाव सामग्री जमा कराई जाएगी। न्यू टाउन हॉल में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रीसाइडिंग ऑफिसर की डायरी, फॉर्म 17 ए, 17 डी, ईवीएम पर हैंड्स ऑन, ईवीएम कमिश्निंग, ईवीएम एरर का निराकरण, मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद बैलेट यूनिट में क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ ही रहेंगे और अपने जिम्मेदारी का पालन करेंगे।



# इंडी गठबंधन उम्मीदवार अनुपमा के नामांकन बाद गोल्फ ग्राउंड के आम सभा मे पहुंचे सीएम चंपाई सोरेन

## 10 वर्षों में केंद्र की सरकार ने सिर्फ झूठे वादे किए, जनता अब बदलाव चाहती : मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन


सीएम चंपाई सोरेन सम्बोधन करते


उम्मीदवार अनुपमा भाषण देती


इंटक नेतागण


उम्मीदवार पति बेरमो विधायक अनूप सिंह


सीएम मिठाई खाते


दर्शक दीर्घा


समहरणालय के बाहर समर्थकों की भीड़

- लोग एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठे वादों से ऊब चुकी है।
- मंत्री आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, राजेश ठाकुर सत्यानंद भोक्ता महुआ माजी राज्यसभा सांसद मथुरा महतो आदि मौजूद थे

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बुधवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। अनुपमा सिंह पर्चा दाखिल करने के लिए झरिया के विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, बेरमो विधायक अनूप सिंह के साथ समाहरणालय पहुंच धनबाद उपायुक्त को अपना नॉमिनेशन फाइल सुपुर्द किया। इसके बाद वह महागठबंधन के सभा मे पहुंची। जहां झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा यदि लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो इंडि गठबंधन को जितना ही पड़ेगा।

धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह ने अपना पर्चा दाखिल करने के बाद झारखण्ड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को रिसीव करने धनबाद के बरवाअड्डा स्थित हवाईअड्डा पहुंची और वहां से सडक मार्ग से गोल्फ ग्राउंड में आयोजित इंडी गठबंधन की सभा में पहुंची। मंच पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ मंत्री आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, राजेश ठाकुर सत्यानंद भोक्ता महुआ माजी राज्यसभा सांसद मथुरा महतो एके झा अखलाल अहमद संतोष सिंह रशीद राजा अंसारी श्वेता सिंह लखी सोरेन मन्नू आलम कुमार



गौरव तारकेश्वर यादव मुमताज कुरैशी डीएन सिंह सागर मंडल नीलम मिश्रा सुल्तान अहमद रामगोपाल भावनिया शमशेर आलम मदन महतो अभिजीत राज आमिर हाशमी सीता राणा राजू दास प्रीतम रवानी गजेन्द्र सिंह गजेंद्र सिंह जहीर अंसारी प्रभात सरोलिया मौजूद थे।

इस दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो महागठबंधन को जितना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की सरकार ने सिर्फ झूठे वादे किए, आज देश मे बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है, जनता अब बदलाव चाहती। लोग एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठे वादों से ऊब चुकी है। इस एनडीए गठबंधन को लोगों से वोट मांगने का अब कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। यह सरकार अपने विरोधियों को झूठे आरोप में जेल में डालने का काम कर रही है। इसलिए अब इस ताना शाह सरकार को उखाड़ फेंकने के समय आ गया है।

वहीं झारखंड विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ झूठ की खेती करते है। उनके सभी गारंटी झूठ पर टिका है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने झारखंड में गरीबों को दी जाने वाली आवास तक का पैसा रोक लिया, जबकि इस संबंध में झारखंड सरकार ने केंद्र सरकार से कई बार पत्राचार भी किया। अंत में हमारी सरकार ने गरीबो को अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख लोगों को तीन कमरों का आवास देने का काम किया।

इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेश ठाकुर ने कहा कि यदि देश को सही दिशा और दशा देना है तो कांग्रेस प्रत्याशी को जिताना ही हमारा एक मात्र लक्ष्य होना चाहिए।

पूर्णिमा नीरज सिंह ने जनता को संबोधित करते हुए कहा की धनबाद की जनता को कांग्रेस ने अनुपमा सिंह के रूप में एक बेहतर विकल्प दिया है। उन्होंने कहा कि आप सब पूछते हैं कि हमने आपको क्या दिया हमने आपको एक बेहतर विकल्प दिया है। मैं आप लोगों से इस मंच से आग्रह करना चाहूंगी कि मत आपका है अधिकार आपका है और बहुत सोच समझकर निर्णय लेने कि जरूरत है। उन्होंने कहा कि आप अपने घर कैसे व्यक्ति को बुलाना चाहते हैं? वोट देते वक्त आप अपनी अंतर आत्मा से एक बार जरूर पूछिए गा कि क्या सही है क्या



गलत है।

अनुपमा सिंह के पति बेरमो विधायक अनूप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मुझे आज गर्व है कि महागठबंधन ने मेरी पत्नी को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने कहा कि अगर आप धनबाद लोकसभा की बात करें और यहा की जनता की रोजगार की बात करें तो धनबाद को किसी ने कुछ नही दिया, अगर किसी ने दिया तो वह कांग्रेस पार्टी ने दिया। इस महागठबंधन की सरकार ने दिया, यूपीए वन ने दिया, यूपीए टू ने दिया और उन भाइयों ने दिया जो धनबाद को बसाना चाहते थे, धनबाद को संवारना चाहते थे।

मंच का संचालन ब्रजेन्दर सिंह ने किया......

# डालसा द्वारा मजदूर दिवस पर दी गयी योजनाओं की जानकारी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर डालसा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाकर मजदूरों के लिए बनाए गए विभिन्न सरकारी योजनाओं व कानून की जानकारी दी गई। इस बावत जानकारी देते हुए डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रौशन ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार 1 मई 2024 को अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर हिरापुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता शिविर का



आयोजन किया गया। जिसमें एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर ने विभिन्न योजनाओं व कानून की जानकारी दी ।श्रम दिवस के अवसर पर उपस्थित श्रमिकों तथा अन्य लोगों को संबोधित करते हुए एसएडीसीएस चीफ ने कहा कि किसी भी समाज,देश,संस्था और उद्योग के मजदूर,कामगारों और मेहनतकशो कि अहम भूमिका होती है जिसको ध्यान में रखते हुए कामगारों और मजदूरों के हित में बहुत सारे कानून बनाए गए हैं जिसमें फैक्ट्री एक्ट,मिनिमम वेजेस एक्ट आदि शामिल है।

# मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी ने पैदल जुलुश ले कर समहरणालय पहुंच किया नामांकन

- पूर्व निरसा विधायक अरूप चटर्जी और आनंद महतो थे साथ
- त्रिकोनीय नहीं सीधी लड़ाई भाजपा के साथ है - जगदीश
- भाजपा के दाग़दार उम्मीदवार और कांग्रेस के पूँजीपति उम्मीदवार से धनबाद को बाहर लाना प्राथमिकता - अरुप चटर्जी













पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : मार्क्सवादी समन्वय समिति के लोकसभा पत्याशी जगदीश रवानी 1 मई बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया, इससे पहले जगदीश रवानी सैकड़ो की संख्या में मासस नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ समाहरणालय गेट के समक्ष पहुंचे। जिसमे मुख्य रूप से निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सिंदरी विधायक आनंद महतो, बबलू महतो शामिल थे। इस दौरान समर्थकों में काफी उत्साह दिखा सभी जगदीश रवानी के जीत के नारे लगा रहे थे। वही नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए जगदीश रवानी ने कहा की मोदी सरकार में कई वादे किए गए है आज तक लोगो को 15 लाख नही मिला। कहा की धनबाद में न एयरपोर्ट बना, न एम्स बना, गया पुल में जाम की स्थिति रहती है लेकिन आज तक ओवरब्रिज नही बना साथ ही जिले में कई समस्याएं है जिसे दूर करेंगे। कहा की यहां बाहरी भीतरी की कोई लड़ाई नही है ए के राय भी बाहर से आए थे लेकिन वे अपने काम और साफ छवि के कारण जीते हम भी जीत रहे है।

## धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर गोविंदपुर प्रखंड के इंडिया गठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक बरवाअड्डा में संपन्न हुई



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बरवाअड्डा : लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार की रात गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक बरवाअड्डा में हुई. अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाडी व संचालन गोविंदपुर प्रखंड लोकसभा प्रभारी अनिल साव ने किया. सर्वसम्मति से गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र को पांच जोन में बांटकर बूथ कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया. इसके अलावा गोविंदपुर क्षेत्र के सभी बूथों में पंद्रह सदस्यसीय कांग्रेस, झामुमो, आप, राजद व अन्य इंडिया गठबंधन के पार्टियों का संयुक्त कमेटी दो दिनों के अंदर तैयार कर पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में गांव, गांव में प्रचार अभियान शुरू करने पर सहमति बनी. मुख्य अतिथि धनबाद जिला प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि पार्टी आलाकमान ने अनुपमा सिंह को उम्मीदवार को बनाया है. बूथ स्तरीय इंडिया गठबंधन के सभी नेता व कार्यकर्ता एकजुट होकर आपसी मतभेद का त्याग कर पार्टी उम्मीदवार को जिताने का संकल्प ले. उन्होंने कहा कि सहयोगी दलों को मान, सम्मान हमेशा बना रहेगा. विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता अपने, अपने बूथ को मजबूत करें और सिंदरी विधान सभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार को लीड दिलाए. कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही पार्टी को चुनाव जिताते है.

उन्होंने पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में गांव, गांव में अभियान चलाने की अपील की. बैठक में आप के प्रदेश संयोजक डीएन सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, इजाज अहमद, राजद के मोबीन अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अख्तर अंसारी, सोमनाथ चक्रवर्ती, रामकिशुन विश्वकर्मा, अयूब अंसारी, गुल्लू अंसारी, शेखर यादव, माथुर अंसारी, मोइन अंसारी आदि ने भी संबोधित किया. मौके पर सोहराब अंसारी संजय सोरेन, मनजुडा मरांडी, पैगाम अली, पारस हांसदा, शरीफ अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, यूनूस अंसारी, ताहिर अंसारी, बिलाल अंसारी, बंमबंम सिंह, निर्मल मंडल, अकबर रजा, अनवर अंसारी, इशहाक अंसारी, अली अख्तर अंसारी, तबरेज अंसारी, मकरूद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे.



# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सिंदरी के विभिन्न मजदूर संगठनों ने विभिन्न जगहों पर शिकागो के अमर शहिद को श्रद्धांजलि अर्पित किया








पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सिंदरी के विभिन्न मजदूर संगठनों द्वारा विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर शिकागो के अमर शहिद को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

सीटू से संबंधित बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने कांड्रा बाजार स्थिति कार्यालय से योगेंद्र महतो के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाला गया । ततपश्चात यूनियन कार्यालय में बीसीकेयू का झंडा पहराया एवं अमर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजली दी गई।

ठेका मजदूर यूनियन सिंदरी की ओर से सीटू का झंडा संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष विकास कुमार ठाकुर ने फहराया। मोके पर राज नारायण तिवारी, सुबल चंद्र दास, राम लाल महतो, शिबू राय, प्रमोद सिन्हा,आदि थे।

जनता मजदूर संघ कार्यक्रम रोहडाबंध सिंदरी में जमसं नेता वेद प्रकाश ओझा द्वारा मजदूर दिवस के उपलक्ष्य मे एक कार्यक्रम आयोजित कर बीजली विभाग को कामगारों को सम्मानित किया गया।

एफसीआईएल सिंदरी वीएसएस एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मजदूर दिवस पर रोहडाबंध स्थित शहीद स्मारक पर एक कार्यक्रम आयोजित कर शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी गई।मोके पर उमाशंकर सिंह, आर सी प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद साह,सुनील कुमार आदि थे।


## साफ सुथरा छवि की वजह से अनुपमा का पलड़ा सबसे भारी, दाग़दार कही नहीं ठहरेगा- चंद्रशेखर शुक्ला धनबाद लोस प्रभारी

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह धनबाद लोकसभा प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला का हाऊसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस दफ्तर में गुरुवार को प्रेस कॉंफ्रेंस आयोजित की गई जहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा पिछले 10 साल से लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है, उसी को बचाने की कवायद कांग्रेस पार्टी के द्वारा की जा रही है। लोकतंत्र रहेगा तब ही इस देश मे पार्टी और नेता रहेंगे। वही उन्होंन कहा की आज जब भी विपक्ष द्वारा सदन में सवाल करते है तो इडी और सीबीआई द्वारा उनके आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है।वही आज आम जनता मंहगाई, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दो को लेकर परेशान है।

## लोदना एरिया क्षेत्र के एमओसीपी कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 13 में छत का ऊपरी छज्जा गिरने से कई लोग बाल बाल बचे





पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : लोदना एरिया क्षेत्र के एम ओ सी पी कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 13 में छत का ऊपरी छज्जा गिरने से कई लोग बाल बाल बच गए कॉलोनी में रहने वाले लोगों में आक्रोश भाजपा नेता श्री राम गोराई ने प्रबंधन पर आरोप लगाया है कहा कि प्रबंधन गंभीर नहीं है कभी भी कोई बड़ी हादसा हो सकती है। इस संबंध में सुरक्षा को लेकर परियोजना पदाधिकारी से मिलेंगे।

ब्लॉक नंबर 13 के रहने वाले राजेंद्र मल्लाह अर्जुन कहार, देवनंदन प्रसाद, नरेश बेदी, संजीवन भुइयां का कहना था कि हम लोग घर में थे अचानक जोरों की आवाज हुई बाहर निकाल कर देखें तो ऊपरी छठ का छज्जा ऊपर से होते हुए तीनों तल्ला के छज्जा को तोड़कर नीचे गिरा संजोग अच्छा था नीचे में कोई नहीं था कुछ दूर पर बच्चे लोग खेल रहे थे अफरा तफरी मच गई सब लोग इधर-उधर भागने लगे क्वार्टर में रहने वाले सभी लोग लोदना एरिया क्षेत्र में काम करते हैं उनका कहना था कि कितना बार प्रबंधन को इसकी शिकायत किया की ब्लॉक का घरों का जो छज्जा है बाहर तरफ निकला है वह काफी जर्जर है लेकिन प्रबंधन ध्यान नहीं दिया नतीजा आज या घटना हुई। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता श्री राम गोराई ने प्रबंधन का घोर लापरवाही बताया है कहा कि इस मामले में प्रबंधन से मिलकर बात करेंगे जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो घेराव भी करेंगे।



# देव प्रभा आउटसोर्सिंग के मनमानी के खिलाफ सुरंगा रैयत विस्थापित मोर्चा ने हल्ला बोला, किया प्रदर्शन

पोलिट लाइव रिपोर्टर



तिसरा: देव प्रभा आउटसोर्सिंग के मनमानी के खिलाफ सुरंगा रैयत विस्थापित मोर्चा ने आज हल्ला बोला ग्रामीणों का कहना था कि पिछले 2 महीने से ओबी डंप बंदथा लेकिन बुधवार से फिर से यह चालू हो गया है। पिछले 1 साल से ग्रामीण अपनी हक की लड़ाई के लिए लड़ रहे हैं बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता भी हुई उन्होंने आश्वासन दिया कि अब ओबी डंप नहीं करने दिया जाएगा। ग्रामीण एसपी ने भी आश्वासन दिया जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी लेकिन उसके आश्वासन के बावजूद आउट सोर्सिंग के गुंडे ने जबरन फिर से ओबी डंप कर रहे हैं। बलियापुर के पूर्व सीईओ रामप्रवेश कुमार ने भी जांच करने के बाद आउटसोर्सिंग के खिलाफ मुकदमा किया था। रैयत विस्थापित मोर्चा का नेतृत्व कर रहे हैं पांडव रजक ने कहा कि यह जमीन रैयत की है ,यहा पूरी तरह से तानाशाही की जा रही है ग्रामीण को दबाने का प्रयत्न किया जा रहा है जिसे हम किसी भी कीमत पर होने नहीं देंगे जब तक ग्रामीणों का हक नहीं मिल जाता है तब तक यहां पर काम होने नहीं दिया जाएगा। वहीं पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कपूर चंद्र गोराई ने कहा ग्रामीण एसपी ने आश्वासन दिया था की जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी लेकिन उनकी बातों को भी नहीं माना जा रहा है और जबरन ओबी डंप किया जा रहा है, कुछ स्थानीय ग्रामीण की मिली भगत भी इसमें देखी जा सकती है लेकिन हम लोग इसका पुरजोर विरोध करेंगे और आगे लड़ाई लड़ी जाएगी। ग्रामीणों में पांडव रजक ,कपूर चंद गोराई ,वीरेंद्र रजक, जादू महतो ,अजय रजक ,संजय कुंभकार ,आलोचना देवी ,करुणा देवी, पूर्णिमा देवी बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चन्द्रदेव महतो ने नेशनल अवार्ड प्राप्त अन्नू को किया सम्मानित



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर: बाघमारा पंचायत के मोदीडीह निवासी सुभाष चंद्र महतो की बेटी अन्नू कुमारी ने मुंबई के अमरावती मॉडर्न पेंटाथेलोन फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित लेजर रन प्रतियोगिता में नेशनल अवार्ड मिला। विभिन्न राज्यों के 24 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था ।अन्नू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल से नवाजा। आगे चलकर इंटरनेशनल ओलंपिक में भाग लेना चाहती हैं। यह प्रतियोगिता 26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चला। गुरुवार को मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ने मोदीडीह पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया।
मौके पर संतोष कुमार महतो, स्वप्न कुमार महतो, रोहित कुमार महतो, अविनाश महतो, दिलीप कुमार महतो, चंद्र मोहन महतो, इंद्र मोहन महतो, ललित महतो, शीतल दत्ता, आशुपति महतो, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

## प्रयास इंडिया के वार्षिक उत्सव रेनबो - 24 का सूर संग्राम डोमगढ़ सेंटर 3 ब्लाइंड स्कूल मे हुआ




पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित समाजीक एवं शैक्षिक संस्था प्रयास इंडिया के वार्षिक उत्सव रेनबो - 24 का आगाज बुधवार को सूर संग्राम के साथ डोमगड स्थित प्रयास इंडिया सेंटर 3 (ब्लाइंड स्कूल ) हुआ |
जिसमें बच्चो ने बढ़ चढ़कर भाग है। जिसमे सिंदरी के आस पास के बच्चे और कुछ धनबाद स्कूल के बच्चे शामिल हुए थे,इस राउंड 2 में सूर संग्राम का विजेता घोषित कीया गया, ओर ये विजते मेगा नाइट रेनवो 24 में अपना गाना प्रस्तुत करेंगे,पूरे आयोजन को सफल बनाने में प्रयास इंडिया के स्वयंसेवकों ने अपना योगदान दिया।

## बीसीकेयू ने बलियापुर में श्रम दिवस मनाया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर: हार्डकोक भट्ठा मजदूरों ने बुधवार को बीसीकेयू के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस मनाया। बलियापुर मेट्रो हार्डकोक इंडस्ट्रीज के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर अमर शहीदों को याद किया। मुख्य अतिथि मजदूर नेता संतोष कुमार महतो ने मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। आज ही के दिन अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने अपने हक अधिकार के लिए आंदोलन किया था। जिसमें सैकड़ों मजदूर शहीद हुए थे। वक्ताओं में सुबल मल्लिक, समीरन विद, पंचमनी देवी, अर्जुन महतो, जितू रजक आदि मौजूद थे। अध्यक्षता सुबल मल्लिक ने किया।

## बलियापुर में अखंड हरि कीर्तन शुरू

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर: सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा बलियापुर हटिया स्थित हरि मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन शूरू हो गया। लीला कीर्तन गायिका मोमीता घोष ने कीर्तन गायन के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कमेटी के अध्यक्ष जगन्नाथ दास, उपाध्यक्ष वंशीधर पाल, सचिव अतुल केसरी, कोषाध्यक्ष मोहन चन्द्र गोराई, दीपक गोराई, परिमल दा, कार्तिक भंडारी, आशीष पाल, रूपेश पाल, संरक्षक घनश्याम ग्रोवर, विजय गोराई, रविन्द्र वर्मा, मनीष अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, शेलेन मंडल, मिट्ठू सरिया आदि सक्रिय हैं।

## प्रदर्शन के बाद आमझर पंचायत के मुखिया ने चापा नल को कराया मरम्मती

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर: आमझर में भीषण गर्मी व जल संकट को ले सोमवार को ग्रामीणों ने इसको लेकर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के तीसरे दिन आमझर के बगानधार व कालिंदी टोला में आमझर पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र रवानी ने खराब पड़े चापानलों को अपने निजी सहयोग से मरम्मती का कार्य कराया। मुखिया ने कहा कि जहां जहां पानी की समस्या है उसे जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमझर पंचायत में नल जल योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। जल्द ही अधिकारियों से बात कर इनका समाधान किया जाएगा। मौके पर समीर प्रमाणिक, नंदलाल दास, सोनाराम मुर्मू, समराम मुर्मू, तापस दास, संदीप प्रमाणिक, रोहन कालिंदी, मनोज कालिंदी, डब्ल्यू कालिंदी, सपन कालिंदी, बबलू गोप आदि मौजूद थे।

## मजदूर दिवस पर नॉर्थ तीसरा, कुइयां में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से झंडा फहराया





पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: दुनिया के मजदूर एक हो, कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा, नया जमाना आएगा, शिकागो के अमर शहीदों को लाल सलाम आदि तारों के साथ नॉर्थ तीसरा, कुइयां में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से झंडा फहराया गया। यहां भगवान दास पासवान सचिव मनोज कुमार निषाद ने झंडा फहराया, गोलकडीह लोडिंग पॉइंट पर मासस के जिला अध्यक्ष विदा पासवान की ओर से झंडा फहराया गया कुइया में पहलाद महतो ने झंडा फहराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों लोग शहीद हुए उनके खून से ही लाल झंडा का निर्माण हुआ। वहां मजदूरों से 15 से 20 घंटा काम कराया जाता था मजदूरों ने अपनी कुर्बानी देकर इस ऐतिहासिक फैसला की जीत दिलाई उसके बाद ही पूरे दुनिया में काम के अधिकार 8 घंटा लागू हुआ। 8 घंटा काम 8 घंटा आराम और 8 घंटा मनोरंजन का कानून बना भारत में वामपंथी ट्रेड यूनियन ने 1923 से मयी दिवस मान रही है। वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों को निजीकरण के खिलाफ एक जुट होकर लड़ाई लड़नी होगी आज मजदूर का अस्तित्व संकट में है। मौके पर सपन पासवान नरेश निषाद संतोष रवानी कामता पासवान शिवकुमार सिंहपशुपतिनाथ देव अनिल सिंह अवनी कुमार महतो, कन्हाई सिंह, जितेंद्र निषाद श्री रामचंद्र महतो उमाशंकर वर्मा सुरेंद्र वर्मा देवरंजन दासआदि लोग थे।

# अंतर्राष्ट्रीय मई दिवस पर कतरास क्षेत्र के कई कोलियरियों में धूमधाम से मजदूर दिवस मनाया गया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



कतरास: अंतर्राष्ट्रीय मई दिवस के अवसर पर कतरास क्षेत्र के कई कोलियरियों में धूमधाम से मजदूर दिवस मनाया गया इस अवसर पर रामकनाली कोलियरी मुख्यालय गेट के समक्ष मजदूरों की एक सभा झारखंड राज्य कमेटी के सचिव राजेन्द्र प्रसाद राजा की अध्यक्षता में हुई

जिसमे सर्वप्रथम शहीद बेदी पर सभी लोगो ने माल्यार्पण कर शहीद मज़दूरों को ऐश्रद्धांजलि दिया ।और 2 मिनट का मौन धारण किया । फिर राजेन्द्र प्रसाद राजा ने अपना वक्तब्य रखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीसीकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष हलधर महतो, केंद्रीय सचिव कंचन महतो, निरंजन महतो, सुनील महतो, रविन्द्र प्रसाद, दीनदयाल रवानी, नंदलाल रवानी, ठाकुर महतो, मो. ईस्लाम, अमृत महतो, संजय महतो, लखन मुर्मू, महादेव साव, अजीत दास, राकेश महतो एवं आरसीएमयू के गोवर्धन महतो,डीसीकेएस के राजेश मंडल आदि लोग थे।

## समर्पण एक नेक पहल संस्था ने महिला के ऑपरेशन के लिए उपलब्ध कराया रक्त

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद :सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल जो लगातार ज़न कल्याण के कार्य पिछले चार वर्षो से करते चले आ रही हैं प्रत्येक दिन दर्जनों जरूरतमंद मरीजो को रक्त उपलब्ध करा रही हैं और निःस्वार्थ रूप से देश हित में अपने कर्तव्यों का वहन करते चले आ रही हैं इस संस्था के माध्यम से आज फिर एक बार एक महिला के ऑपरेशन के लिए संस्था ने रक्त उपलब्ध कराया।

कतरास श्री कृष्णा मातृ सदन में ईलाजरत 35 वर्षीय महिला के ऑपरेशन के लिए डॉक्टर ने पहले एबी पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा, घर वालों में से किसी का रक्त समुह मरीज के रक्त समुह से मेल नहीं खाने के वजह से बहुत परेशान हो गए थे साथ ही इस भीषण गर्मी की वजह से कोई जल्दी रक्तदान करने को तैयार नहीं होता जिससे ब्लड बैंक भी गर्मी के दिनों में खाली हो जाता है इन सभी कठिनाईयों के देखते हुए मरीज के परिजन ने समर्पण एक नेक पहल संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान से संपर्क कर सहायता प्रदान करने का आग्रह किया इसके कुछ ही देर बाद श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर धनबाद प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट एबी पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया जिसे स्वीकारते हुए सभी काग़ज़ी प्रक्रियाओं को पूरा कर ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई।

## अवर न्यायाधीश राकेश रौशन ने लिया डालसा सचिव का प्रभार



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद के अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने एक मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा सचिव का पदभार अवर न्यायाधीश निताशा बारला से ग्रहण किया । झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर न्यायाधीश निताशा बरला ने सिविल जज सिनियर डिवीजन का पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय धनबाद में डालसा सचिव राकेश रोशन का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया|

वहीं निताशा बारला को गुलदस्ता देकर विदाई दी गई। इस मौके पर एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु ,डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक सुमन पाठक, स्वाति कुमारी, मुस्कान समेत अन्य लोगों उपस्थित थे। जिन्होंने दोनों न्यायिक पदाधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना दी।

## बलियापुर पर्जन्य बीएड कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर: पर्जन्य बीएड कॉलेज बलियापुर में पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रथम बेंच 2013-14 से लेकर सत्र 2020-22 तक के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ स्मृति नागी ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं उसमें शामिल होने के लिए छात्रों को धन्यवाद दिया।भविष्य में भी महाविद्यालय के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में पूर्ववर्ती छात्रों की संस्था अध्यक्ष बादल रवानी, उपाध्यक्ष नवीन कुमार, सचिव इलियास अंसारी, कोषाध्यक्ष गोउर चन्द्र महतो ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक कार्तिक दा, प्रोफेसर संदीप कुमार तिवारी, प्रोफेसर मंटू राम महतो, प्रोफेसर रजत ठाकुर, प्रोफेसर संतोष कुमार राम, प्रोफेसर संजय कुमार महतो, प्रोफेसर जलेश्वर महतो, प्रोफेसर मिनाक्षी सिंह, स्वरूप दत्ता आदि मौजूद थे।

## बहू के श्राद्धकर्म के पहले ही टुंडी रोड निवासी पुराने कांग्रेसी एवं इंटक नेता रविंद्र सिंह का निधन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर: बहू के श्राद्धकर्म के पहले ही पुराने कांग्रेसी एवं इंटक से संबद्ध धनबाद इंडस्ट्रियल वर्कर्स यूनियन नेता रह चुके टुंडी रोड निवासी रविंद्र सिंह का दिल का दौरा पड़ने से बुधवार की दोपहर निधन हो गया। 80 वर्षीय स्व. सिंह समाजसेवी बबलू सिंह के पिता थे। 24 अप्रैल को उनकी छोटी बहू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पिछले वर्ष उनके जवान पोते ने भी आत्महत्या कर ली थी। 80 के दशक में कांग्रेस एवं श्रमिक यूनियन में उनकी सक्रियता चर्चित थी। तब मजदूर नेता सुभाष चटर्जी यूनियन के अध्यक्ष हुआ करते थे। स्व. सिंह अपने पीछे पत्नी बच्ची देवी, दो पुत्र बबलू सिंह एवं डब्लू सिंह तथा पुत्री रश्मि देवी समेत पोते-पोतियों, नाती-नतनियों से भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार की शाम खुदिया नदी श्मशान घाट पर की गई। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र ने दी। उनके निधन पर मुखियाद्वय हफीजुद्दीन अंसारी व गुल्लू अंसारी,. सरफुद्दीन अंसारी आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन की गोविंदपुर शाखा ने निःशुल्क सिलाई केंद्र का उद्घाटन किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर





गोविंदपुर : मारवाड़ी महिला सम्मेलन की गोविंदपुर शाखा ने पावन परिसर वनकाली रोड में नि:शुल्क सिलाई केंद्र का उद्घाटन गुरुवार को समारोहपूर्वक किया। समिति ने इस केंद्र में चार सिलाई मशीन उपलब्ध कराई है और नेहा देवी को इसके संचालन का जिम्मेदारी दी है । निर्धन बच्चों की शिक्षा के लिए समिति की वरिष्ठ सदस्यों ने क्रमशः 5 हजार, 6 हजार, 11 हजार व 36 हजार की आर्थिक सहायता दी। दिव्यांग विद्यालय के बच्चों के लिए एक लाख की नगद राशि दी गई । कार्यक्रम में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की गोविंदपुर शाखा की प्रबंधक नूपुर ने सदस्यों को मुद्रा ऋण साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके गोल्ड लोन आदि की जानकारी दी। समिति ने प्रबंधक को सम्मानित किया। समिति ने सीए मनीष अग्रवाल को भी सम्मानित किया। श्री अग्रवाल ने बैंकिंग और बचत संबंधी कई जानकारियां दीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख रेणु दुदानी, पदमा बुबना, सरोज सरिया, रीता संघी, अध्यक्ष सीमा सरिया, सचिव विजया सरिया, कोषाध्यक्ष मीनू अग्रवाल सहित समिति की सभी सदस्य मौजूद थी।